संख्या-9/2015/216/84-1-24बामा(बजट)/2010

प्रेषक,

नेकपाल वर्मा,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

नियंत्रक,
विधिक माप विज्ञान विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1 लखनऊ दिनॉक 24 मार्च, 2015

विषय- प्रदेश के 18 जनपदों में स्थापित कार्यमानक प्रयोगशालों में आवश्यक पदों का सृजन ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-673/निविमावि-लेखा-7(25) मॉग/2014-15, दिनॉक 19.05.2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद सोनभद्र, सिद्धार्थनगर, संतरविदास नगर, महोबा, अम्बेदकरनगर, ज्योतिबाफुलेनगर (अमरोहा), चित्रकूट, हाथरस, गौतमबुद्धनगर, बलरामपुर, संतकबीरनगर, औरैया, कन्नौज, कासगंज, अमेठी, शामली, हापुड तथा संभल कुल 18 जनपदों में स्थापित कार्यमानक प्रयोगशालों में विभागीय मानक के अनुसार वरिष्ठ निरीक्षक के 18 अस्थाई पदों को वेतनमान 9300-34800 ग्रेड पे-4600 में श्री राज्यपाल महोदय 29 फरवरी 2016 तक के लिये सृजित किये जाने की इस शर्त के साथ स्वीकृति प्रदान करते है कि उक्त सृजित पदो को बिना किसी पूर्व सूचना के उक्त तिथि से पूर्व ही समाप्त न कर दिया जाये।

2- उक्त पदों पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2015-16 की आय-व्ययक की अनुदान संख्या-21 के अन्तर्गत लेखाशीर्ष 3475-अन्य सामान्य आर्थिक सेवायें-आयोजनेत्तर-106-भार और माप का विनियमन-03-अधिष्ठान व्यय के अन्तर्गत सुसंगत मानक मदो में डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या- ई-7/212/दस-2015, दिनॉक 24 मार्च, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
नेकपाल वर्मा
संयुक्त सचिव।

संख्या-9/2015/216(1)/84-1-2015-तददिनॉक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- संबंधित जनपदों के मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी उ0प्र0।
3- संबंधित जनपदों के सहायक नियंत्रक/उपनियंत्रक उ0प्र0।
4- वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ।
6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-7
7- खाद्य एवं रसद अनुभाग-3
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

कुलदीप कुमार रस्तोगी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।